Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to set up a Textiles Park in Chandrapur, Maharashtra- Laid – Laid

श्री बालूभाऊ उर्फ सुरेश नारायण धानोरकर (चन्द्रपुर): चंद्रपुर, महाराष्ट्र के किसान मुख्यतः कॉटन, पैडी, और सोयाबीन की खेती करते है , इस क्षेत्र में सबसे ज्यादा कॉटन की पैदावार होती है, लेकिन यहाँ पर कोई टेक्सटाइल पार्क नहीं है जिसके कारण किसानों को कॉटन का पूरा मूल्य नहीं मिल पाता है । किसान अपनी फसल को औने पौने दामों पर बेचने को मजबूर होते हैं ।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि चंद्रपुर में एक टैक्सटाइल पार्क लगाया जाए जिससे यहाँ के किसान अपनी फसल का पर्याप्त मुआवजा प्राप्त कर सकें और यहाँ के नौजवानों को रोजगार भी मिल सके.